किशोरी मेरी कृपा करेगी आज

किशोरी मेरी कृपा करेगी आज,
सबके बिगड़े बन जायेंगे,
देख लेना तुम आज ,
किशोरी मेरी कृपा करेंगी आज ,

कोई दुखी ना यहाँ से जाए ,
हर कोई झोली भर के जाये ,
ऐसा ना कोई भी रहेगा ,
ना जिसकी बनेगी बात ,
किशोरी मेरी कृपा करेंगी आज ,

करके किरपा तुमे है भुलाया,
कैसा यह शुभ अवसर आया,
जी भरके तुम इन्हें निहारो,
सामने रहे गी आज,
किशोरी मेरी कृपा करेंगी आज ,

आज पुकारो राधा राधा ,
मिट जाये जीवन की बाधा,
राधा नाम बड़ो सुख दाई
सबका देता साथ,
किशोरी मेरी कृपा करेंगी आज ,

सबसे बड़ी सरकार यही है ,
इस जीवन की बहार यही है
कहे बावरी आज ना झुको
रखदो चरणों में माथ,
किशोरी मेरी कृपा करेंगी आज ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2012/title/kishori-meri-kripa-karengi-aaj-sabke-bigde-bn-jaye-gye-dekh-lena-tum-aaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |